

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वादश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–01 सोमवार, दिनांक–22 जुलाई, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वाह्न तक**

**[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :–**

यथा संलग्न।

**[2] शपथ/प्रतिज्ञान :–**

आसन की अनुमति से सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल के निम्न संदेश को पढ़ा गयाः–

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिसके समक्ष, बिहार विधान सभा उप–निर्वाचन, 2024 में बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–60–रूपौली से निर्वाचित सदस्य, अपना स्थान ग्रहण करने के पूर्व शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे।"

तदुपरान्त आसन की अनुमति से बिहार विधान सभा उपनिर्वाचन, 2024 में बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–60 (रूपौली) से निर्वाचित सदस्य, श्री शंकर सिंह द्वारा शपथ लिया गया।

इस दौरान आसन द्वारा सूचित किया गया कि बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–195 (अगिआँव) से निर्वाचित सदस्य, श्री शिव प्रकाश रंजन द्वारा मेरे कार्यालय कक्ष में दिनांक 26.06.2024 को शपथ लिया गया है।

**[3] अध्यक्षीय घोषणा :–**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि बिहार विधान सभा के निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने उनके नाम के सामने अंकित तिथि से सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया गया हैः–

| क्रम.सं. | माननीय सदस्य का नाम | निर्वाचन क्षेत्र संख्या | त्याग करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुदामा प्रसाद | 196, तरारी | 14.06.2024 |
| 2. | श्री सुधाकर सिंह | 203, रामगढ़ | 14.06.2024 |
| 3. | श्री जीतन राम माँझी | 227, इमामगंज (अ०जा०) | 14.06.2024 |
| 4. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव | 232, बेलागंज | 18.06.2024 |

**[4] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है:–

(i) श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह
(ii) श्री दामोदर रावत
(iii) श्री विजय शंकर दूबे
(iv) श्री भूदेव चौधरी
(v) श्रीमती ज्योति देवी

**[5] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया गया:–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | – सभापति |
| (ii) | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | – सदस्य |
| (iii) | श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री | – सदस्य |
| (iv) | श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री | – सदस्य |
| (v) | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग | – सदस्य |
| (vi) | श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग | – सदस्य |
| (vii) | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल | – सदस्य |
| viii) | श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स० | – सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री नरेन्द्र नारायण यादव, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा
(ii) श्री आलोक कुमार मेहता, स०वि०स०
(iii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०
(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(vi) श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

**[6] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना:–**

सभा सचिव द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न 12 (बारह) विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया, जिसे महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत अनुमति प्रदान की गयी :–

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| (i) | बिहार विनियोग विधेयक, 2024 | 04.03.2024 |
| (ii) | बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2024 | 04.03.2024 |
| (iii) | बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (iv) | बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (v) | बिहार लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्त्तन विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (vi) | बिहार कराधान विवादों का समाधान विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (vii) | बिहार मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (viii) | बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (ix) | बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (x) | बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |

| | | |
|---|---|---|
| (xi) | बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| (xii) | बिहार राज्य महिला आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |

**[7] वित्तीय कार्य :–**

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया।

**[8] शोक प्रकाश :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई:–

(i) स्व० सुशील कुमार मोदी, पूर्व उपमुख्यमंत्री, पूर्व मंत्री, पूर्व लोक सभा सदस्य, पूर्व राज्य सभा सदस्य, पूर्व स०वि०प० एवं पूर्व स०वि०स०
(ii) स्व० रघुनाथ गुप्ता, पूर्व स०वि०प०
(iii) स्व० शिवाधार पासवान, पूर्व स०वि०स०
(iv) स्व० वानेश्वर प्रसाद सिंह, पूर्व स०वि०स०
(v) स्व० अनुसूया देवी, पूर्व स०वि०स०
(vi) स्व० प्रभाकर चौधरी, पूर्व स०वि०स०
(vii) स्व० रामाश्रय सिंह, पूर्व स०वि०स०
(viii) स्व० शांति देवी, पूर्व स०वि०स०
(ix) स्व० बाबूलाल मधुकर, पूर्व स०वि०प०
(x) स्व० महेन्द्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री एवं पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास शोक संदेश भेज दिये जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 23 जुलाई, 2024 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक–22.07.2024

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।